अर्थशास्त्र विभाग की मिडटर्म परीक्षा नौ अक्टूबर से

ज्ञानपुर (भदोही) : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में अर्थशास्त्र विभाग के माइनर व स्किल डेवलपमेंट पेपर की मिड टर्म परीक्षा-2023 की तिथियां घोषित कर दी गई है। विभाग प्रभारी डा. महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की माइनर पेपर (बेसिक इकोनामिक्स) की परीक्षा नौ अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे व स्किल डेवलपमेंट की 12.30 बजे से होगी। स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के अर्थशास्त्र माइनर पेपर (इश्यूज आफ इण्डियन इकोनामी) की मिडटर्म परीक्षा 10 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे व परास्नातक अर्थशास्त्र के माइनर पेपर (अंडरस्टेंडिंग इकोनामिक्स) की मिडटर्म परीक्षा दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगी। (संस)

काशी नरेश कॉलेज में नौ को होगी मिड टर्म परीक्षा

ज्ञानपुर। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित अर्थशास्त्र विभाग के माइनर व स्किल डेवलपमेंट पेपर मिड टर्म की परीक्षा नौ अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे होगी जबकि स्किल डेवलपमेंट (एमएसएमई) मिड टर्म की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगी। विभाग प्रभारी डा. महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्नातक चतुर्थ समेस्टर के अर्थशास्त्र माइनर (ईश्यूज आफ इंडियान इकोनामी) की मिड टर्म परीक्षा दस अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे प्रारंभ होगी। परास्नातक अर्थशास्त्र माइनर पेपर (अंडरस्टेडिंग इकोनामिक्स) की मिड टर्म परीक्षा दस अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगी।